संचिका सं0-02/वि01-09/2025 ......594......

झारखण्ड सरकार

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

ईमेल- planedujhar@gmail.com

प्रेषक,

अनुप कुमार
सरकार के उप सचिव-सह-
नोडल पदाधिकारी, मिशन कर्मयोगी।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, झारखण्ड
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक, झारखण्ड।

राँची, दिनांक-......01/04/26......

विषय:- दिनांक-02.04.2026 से दिनांक-08.04.2026 तक साधना सप्ताह (SADHANA- Strengthening Adaptive Development and Human Aptitude for National Advancement) का आयोजन किये जाने के संबंध में।

प्रसंग:- कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक-1924 दिनांक-30.03.2026

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार तथा कर्मयोगी भारत के सहयोग से क्षमता विकास आयोग के द्वारा देश में दिनांक-02.04.2026 से दिनांक-08.04.2026 तक एक राष्ट्रीय साधना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रीय साधना सप्ताह अन्तर्गत आपके जिलान्तर्गत सभी सहायक शिक्षकों एवं सहायक आचार्यो को iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर निम्नांकित विषयों पर कम से कम चार घंटे का पाठ्यक्रम पूर्ण करने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय-

क्र0	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम की अवधि
1	इमर्जिंग टेक्नोलॉजी से परिचय	01 घंटा 22 मिनट
2	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल बातें-सीखना, अनुप्रयोग और नैतिकता	01 घंटा 34 मिनट
3	Governance Sustainability through Indian Knowledge System	01 घंटा 07 मिनट
4	कार्यस्थल पर साईबर सुरक्षा	01 घंटा 15 मिनट
5	Innovate with Artificial Intelligence:: A Design Thinking approch	42 मिनट
6	वित्तीय धोखाधड़ी: डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचाव	40 मिनट
7	Microsoft word beginner	02 घंटा 56 मिनट
8	Yoga break at work place	27 मिनट

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सभी सहायक शिक्षकों एवं सहायक आचार्यो को iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर Onboard कर दिया गया है जिसके द्वारा सभी सहायक शिक्षक एवं सहायक आचार्य iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर मोबाईल नंबर (जो ई-विद्यावाहिनी में रजिस्टर्ड है) डाल कर login with OTP का प्रयोग कर उपरोक्त पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते है। यदि किन्हीं सहायक शिक्षक/सहायक आचार्य का किसी कारणवश मोबाईल नंबर से लॉगइन नही हो पा रहा है उन्हें planedujhar@gmail.com पर मेल भेजने हेतु निदेश दिया जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

अनु0 यथोक्त।

विश्वासभाजन,
अनुप कुमार 01/04/26
सरकार के उप सचिव-सह-
नोडल पदाधिकारी, मिशन कर्मयोगी।